https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 23/01/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --20/2024
23 जनवरी 2024
नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान, रांची
=============

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती को " पराक्रम दिवस " के रूप में आज पूरा देश मना रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की निर्णायक भूमिका रही थी। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को हम कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने आम जनमानस के गौरव को स्थापित किया।

हमें इस बात का गर्व है कि हम एक ऐसे लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां अनेक वीरों तथा वीरांगनाओं ने जन्म लिया। इनके नाम इतिहास के सुनहले पन्नों पर दर्ज हैं। हम अपने इन अमर वीर शहीदों के सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।
================= #Team PRD(CMO)